आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–15 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक लाख करोड़ रुपये के शहरी चुनौती कोष यूसीएफ को स्वीकृति दिए जाने के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह कोष उच्च गुणवत्ता वाली शहरी अवसंरचना प्रदान करने के लिए बाजार वित्त, निजी भागीदारी और नागरिक केंद्रित सुधारों का उपयोग करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल शहरों को देश की आर्थिक वृद्धि का मुख्य प्रेरक बनाएगी। एक रिपोर्ट–

शहरी चुनौती कोष गृह और शहरी मामलों के मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित संयुक्त योजना है। इसमें केंद्र की ओर से कुल एक लाख करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। इस कोष का उद्देश्य लचीले, उत्पादक, समावेशी और जलवायु के प्रति संवेदनशील शहरों का निर्माण करना है, ताकि उन्हें देश के आर्थिक विकास के अगले चरण के प्रमुख चालक के रूप में स्थापित किया जा सके। इससे परियोजनाओं को ऋण योग्य बनाकर ऋणदाताओं और निजी भागीदारों के लिए जोखिम को कम करके निजी पूंजी को आकर्षित करना है। यह कोष परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक का सहयोग देगा। बशर्ते की परियोजना लागत का न्यूनतम 50 प्रतिशत बाजार से जुटाया जाए, जिससे निजी भागीदारी के लिए एक स्पष्ट मार्ग प्रशस्त हो। समाचार कक्ष से मैं मनोज।

****

गृह मंत्री अमित शाह ने आज गुजरात के गांधीनगर में वितरण तंत्र में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से देश की पहली केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा का शुभारम्भ किया। गृहमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नई डिजिटल टोकन आधारित वितरण प्रणाली, सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार को समाप्त करेगी और वितरण प्रक्रिया में आवश्यक पारदर्शिता लाएगी।

****

देवाधिदेव महादेव की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि आज पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश भर में सभी शिवालयों में आज तड़के से ही भगवान शंकर के दर्शन पूजन करने और जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी पूरी तरह से शिवमय हो चुकी है।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर काशी नगरी पूरी तरह शिवमय हो गई है। काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ भक्तों को अपने पारंपरिक दूल्हा स्वरूप में दर्शन दे रहे हैं। भोर में संपन्न मंगला आरती के दौरान बाबा को विशेष दूल्हा पगड़ी पहनाई गई। सुबह करीब 3 बजकर 30 मिनट पर मंदिर के कपाट खुलते ही 'हर–हर महादेव' के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। अब तक 5 लाख से अधिक भक्तों ने बाबा के दर्शन कर लिए हैं। श्रद्धालुओं के स्वागत में मंदिर परिसर में गुलाब की पंखुड़ियों की पुष्प वर्षा की गई। महाशिवरात्रि पर देश के 62 प्रमुख मंदिरों से आई विशेष भेंट भी बाबा को अर्पित की गई है। भक्तों की सुविधा के लिए 45 घंटे तक लगातार दर्शन की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह

उधर, महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का विधि–विधान से जलाभिषेक किया।

प्रयागराज में माघ मेला के अन्तिम महत्वपूर्ण स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी में ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। महाशिवरात्रि पर्व के साथ आज माघ मेले का भी औपचारिक समापन हो जायेगा।

महाशिवरात्रि के अवसर पर वाराणसी के मारकण्डेय महादेव मंदिर, अयोध्या के नागेश्वरनाथ मंदिर, संतकबीनरगर के तामेश्वरनाथ मंदिर, बस्ती के भदेश्वरनाथ, देवरिया जिले के रूद्रपुर में स्थित दुग्धेश्वरनाथ मंदिर, कुशीनगर के कुबेर स्थान शिव मंदिर समेत प्रदेश भर के शिवालयों में भगवान शंकर के दर्शन–पूजन और जलाभिषेक के लिये सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुयी है।

****

रेलवे में अब सामान्य श्रेणी कोच की सफाई भी प्रथम श्रेणी की तरह की जाएगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि इस पहल की शुरूआत में, छह महीने के भीतर लम्बी दूरी की अस्सी रेलगाडियों की पहचान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन रेलगाडियों में एक से डेढ घंटे के अंतराल पर सफाई के लिए कर्मचारी तैनात किए जायेंगे।

जो ट्रेन्स हमारी चलती है लॉन्ग डिस्टेंस, स्पेशली उनका प्रॉपर एंड टू एंड क्लीनिंग हो सके। दूसरा, स्टेशन पे एक क्लिन ट्रेन स्टेशन का कॉन्सेप्ट बना है। कुछ लिमिटेड नंबर ऑफ स्टेशंस पे पूरी थोरो क्लीनिंग करने का अभी करंट सिस्टम है। इसके बजाए, ट्रेन के ओरिजिन से लेके ट्रेन के डेस्टिनेशन तक, कंटीन्यूअसली ट्रेन की क्लीनिंग हो।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आज आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्यायें सुनीं और अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिये।

****